# यूपीसीडा के चार औद्योगिक सेक्टरों में लगेंगे 40 कैमरे

## सेफ सिटी परियोजना : कानपुर से रखी जाएगी नजर, स्थानीय पुलिस चौकी से भी जुड़ेंगे

सीएल मौर्य

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदेश सरकार की सेफ सिटी परियोजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के ग्रेनो स्थित चार औद्योगिक सेक्टरों में 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए साइट-चार, पांच, सूरजपुर साइट-बी, सी और एक्सपोर्ट प्रोमोशन इंडस्ट्रियल पार्क (ईपीआईपी) में जगह चिह्नित की गई है।

यह कैमरे यूपीसीडा के कानपुर स्थित कंट्रोल रूम के साथ स्थानीय पुलिस चौकी से भी कनेक्ट होंगे। ऐसे में अधिकारी कानपुर में बैठकर यहां की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे। जरूरत के मुताबिक भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। इसके साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम और बूम बैरियर लगाए जाएंगे। यहां हाईमास्ट लाइट लगाई जा रही है।

इसके साथ परियोजना के तहत चार सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। इस पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे। सूरजपुर साइट- सी और बी, साइट-पांच और ईपीआईपी में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जगह चिह्नित कर निर्माण एजेंसी के चयन के लिए ई-निविदा जारी की गई है। चार शौचालयों के निर्माण पर एक करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे। यह परियोजना परिवहन, महिला एवं बाल विकास सहित 12 विभागों के समन्वय से शुरू की जा रही है।

### पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे

चारों औद्योगिक सेक्टरों में ऑटोमेटिक बूम बैरियर सिस्टम लगाए जाएंगे, ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग वारदात को अंजाम देकर आसानी से भाग न सकें। इसके अलावा कुछ प्रमुख स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे, ताकि कोई घटना होने पर आसपास के लोगों को सूचित किया जा सके।

### लग रही हाईमास्ट लाइट

प्रकाश व्यवस्था के लिए 27 हाईमास्ट लाइट लगाने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि 13 लगाई जा चुकी हैं। स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किए जाने का काम भी चल रहा है। इस पर तीन-चार लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

“ सेफ सिटी परियोजना के तहत औद्योगिक सेक्टरों में सीसीटीवी कैमरे, बूम बैरियर, हाईमास्ट लाइट, सार्वजनिक शौचालय के निर्माण व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएंगे। निविदा प्रक्रिया जारी कर दी गई है। कैमरे फरवरी-मार्च तक लग जाएंगे। - **सलिल यादव,** डीजीएम (इलेक्ट्रिकल), यूपीसीडा

### प्रथम चरण में हर सेक्टर में 10-10 कैमरे

सेफ सिटी परियोजना के तहत औद्योगिक सेक्टर साइट-चार, पांच, सूरजपुर साइट-बी, सी और ईपीआईपी में 40 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। प्रथम चरण में हर सेक्टर में 10-10 कैमरे लगाए जाएंगे, जो सीधे कानपुर स्थित यूपीसीडा के कंट्रोल रूम से कनेक्ट होंगे। स्थानीय पुलिस चौकी से भी जोड़ा जाएगा। इस पर आठ-दस लाख रुपये खर्च होंगे। यही नहीं जिन कंपनियों में कैमरे लगे हैं, उन्हें भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा।

### सड़कों का निर्माण शुरू

सूरजपुर साइट-पांच और ईपीआईपी में आंतरिक सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। टूटी सड़कों की वजह से उद्यमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।